आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने डाक्टरों का आहवान किया है कि वे पूरे समर्पण, त्याग और निस्वार्थ भाव से समाज और मानवता का सेवा करें।
- अनिम्स में जल्द ही पीजी पाठ्यक्रम की शुरूआत होगी।
- केन्द्रीय ऊर्जा और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल द्वीपों के दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचेंगे।
- ईंधन की पारदर्शी प्रबंधन के लिए विद्युत विभाग द्वारा सभी बिजली घरों के लिए पी ओ एल निगरानी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने सभी तक हिन्दी के पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए इसके सरलीकरण की आवश्यकता पर बल दिया है।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने डाक्टरों का आहवान किया है कि वे पूरे समर्पण, त्याग और निस्वार्थ भाव से समाज और मानवता का सेवा करें। वे अनिम्स की दो हजार अट्ठारह एमबीबीएस बैच के दूसरा स्नातक समारोह के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपकी कारवाई और निर्णय दूसरों के जीवन में गहरा असर डालती है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि आप मरीजों का प्यार करूणा और जिम्मेदारी के साथ देखभाल करेंगे। अनिम्स की सुचारू संचालन बहुत आवश्यक है, इसलिए कई और प्रयोगशालाएं खोली गई है, जिससे कामकाज में सुधार आएगा। एडमिरल डी.के. जोशी ने कहा कि प्रशासन अनिम्स में पीजी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है और जल्द ही पांच प्रमुख विषयों में यह पाठयक्रम शुरू हो जाएंगे। उप राज्यपाल ने विद्यार्थियों, उनके परिवारों और संस्थान के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर यहां उपस्थित सभी युवा स्नातकों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उपराज्यपाल ने कहा कि आज नए प्रशासनिक और पुस्तकालय विंग के उद्घाटन से संस्थान के बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी।

संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष ही अस्पताल और प्लास्टिक सर्जन द्वारा की गई जीवन रक्षक सर्जरी और ट्रॉमा सर्जरी ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में इस संस्थान की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया है। इसी तरह, दो सौ पचास से अधिक रोगियों को इंट्राकार्डियक उपकरणों का उपयोग कर मुफ्त उपचार के साथ–साथ गंभीर बीमारियों के लिए न्यूनतम इनवेसिव कैंसर सर्जरी का लाभ मिला है। इन सुपर स्पेशियलिटी सर्जरी ने यह साबित कर दिया है कि द्वीप समूह, जिसमें स्नातक डॉक्टर और नागरिक भी शामिल हैं, देश के स्वास्थ्य लक्ष्यों को पूरा करने में समान रूप से सक्षम हैं। उपराज्यपाल ने आगे कहा कि अनिम्स के सुचारू संचालन के लिए मेडिकल लैब अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आज यहां द्वीपों में बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और पैथोलॉजी की लैब कुशलतापूर्वक काम कर रही हैं। उपराज्यपाल ने इस अवसर पर शीर्ष पांच स्नातक डॉक्टरों अक्षिता, कौशिक, जी हरिहरन सुब्बू, अनुज कुमार तिवारी और जावेरिया को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इससे पहले, उपराज्यपाल ने नवनिर्मित प्रशासनिक ब्लॉक और अनिम्स के पुस्तकालय ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट का भी अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद विष्णु पद रे ने भी स्नातक छात्रों को बधाई दी और उनसे समर्पण और सहानुभूति के साथ काम करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय ऊर्जा और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल द्वीपों के एक दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के तुरंत बाद वे दिन में दस बजकर बीस मिनट पर एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात करेंगे। साढ़े दस बजे उनकी द्वीपसमूह में ऊर्जा और शहरी विकास के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक होगी। दिन में साढ़े बारह बजे केन्द्रीय मंत्री डॉलीगंज और गाराचरमा में सौर ऊर्जा संयंत्र का निरीक्षण करेंगे। दोपहर बाद श्री मनोहर लाल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप जाएंगे। आज ही शाम चार बजकर पचास मिनट पर वे राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल का दौरा करेंगे और बाद में वे ध्वनि तथा प्रकाश का कार्यक्रम देखेंगे। द्वीपों का दौरा पूरा कर वे कल मुख्यभूमि लौट जाएंगे।

<><><><><><><>

श्री एन. माणिक्य राव यादव को अण्डमान निकोबार तेलुगू देशम पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. चन्द्रबाबू नायडू की ओर से उन्हें नियुक्त किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ईंधन की पारदर्शी प्रबंधन के लिए विद्युत विभाग द्वारा सभी बिजली घरों के लिए पी ओ एल निगरानी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। सॉवटेक की ओर से विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से ईंधन की खपत, भंडारन और वितरण पर निगरानी रखी जा सकेगी। सभी बिजली घरों की ओर से सॉफ्टवेयर में पी ओ एल से संबंधित प्रविष्टियों की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी की जाएगी। विभाग के जेई और एई को इस संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया है। आपदा प्रबंधन भवन के सम्मेलन कक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक में ऊर्जा निदेशक द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करने को कहा। इसकी अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पी ओ एल का अनाधिकृत उपयोग के मामले को भी गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। सभी बिजली घरों में ऊर्जा मीटर को सुचारू बनाया जाएगा।

<><><><><><>

समुदायों की चिंताओं का समाधान करने और शहर के विभिन्न वार्डों में सकारात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने वार्ड नम्बर उन्नीस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद और नगरपालिका के अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे। सचिव ने अधिकारियों से वार्ड में उद्यान का निर्माण करने का निर्देश देते हुए पार्क के नजदीक पार्किंग क्षेत्र भी विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से एक स्वस्थ पर्यावरण के साथ सामाजिक चेतना भी उत्पन्न होगी। पार्क के विकसित होने से लोगों को फिटनेस सहित सामाजिक आदान–प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार हिन्दी के विकास और इसके प्रचार–प्रसार पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। हमें भी हर स्तर पर इसे बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने बोल–चाल की इस भाषा का सरलीकरण करने को कहा, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के इसे समझ सके। इस अवसर पर मुख्य सचिव और राज भाषा सचिव ने हिन्दी का प्रयोग करने वाले सर्वश्रेष्ठ विभागों के अलावा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत वरिष्ठ अधिकारियों को भी पुरस्कृत किया। राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन दैनिक शासकीय कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। राजभाषा के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारी राजभाषा को नियुक्त किया गया है।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्तर से अधिक दिव्यांगजनों की जांच की गई। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेन्द्र ने इस शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से आज नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर्यटकों और आम जनता के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम के लिए बॉटनी व प्लांट साइंस की दो सीटे रिक्त हैं। संबंधित पात्र उम्मीदवारों से उनतीस अक्तूबर को सुबह साढ़े नौ बजे कॉलेज के संगोष्ठी दीर्घा में परामर्श के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

ज़िला कारावास, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, स्वास्थ्य सेवा, जहाज़रानी तथा विद्युत विभाग में विभिन्न पदों के लिए गत वर्ष आयोजित सामान्य मैट्रिक स्तरीय परीक्षा में उम्मीदवारों के पद ग्रहण न करने और दिए गए मापदंडों की समीक्षा करने के बाद इन विभागों की ओर से अतिरिक्त चयनित सूची जारी की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग की ओर से पुलिस स्मृति सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में श्री विजयपुरम में कार्यक्रम के एक भाग के रूप में दक्षिण अण्डमान जिला पुलिस ने जिले में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों से जुड़ने के लिए एक विशेष अभियान की पहल की। आभार और देखभाल के भाव से दक्षिण अण्डमान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस स्टेशनों के बीट स्टॉफ ने समुदाय के बुजुर्ग सदस्यों से सम्पर्क किया।

अधिकारियों ने उनके घरों का दौरा कर उन्हें आवश्यक साहयता प्रदान किए, जिससे विभाग की अपने नागरिकों विशेष रूप से समाज में योगदान देने वाले कमजोर और सेवानिवृत्त कर्मियों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिला। इस कार्यक्रम का उददेश्य शहरी बुजुर्गों के साथ न केवल उनकी शारीरिक और भावनात्मक भलाई सुनिश्चित करना है, बल्कि समुदाय और पुलिस बल के बीच एक मजबूत कड़ी स्थापित करना है। दक्षिण अण्डमान जिला पुलिस समुदाय के सभी सदस्यों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रयासों को जारी रखेगा।

**<><><><><><><>**

उधर पुलिस स्मृति दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस और पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष्य में चाथम पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने कल हैडो सीशोर रोड पर समुद्र तट पर सफाई अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस कर्मियों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करने के लिए आयोजित किया गया था। कर्मचारियों ने समुद्र तट की सफाई, प्लास्टिक कचरे और मलबे को हटाने में सक्रिय रूप से भाग लिया।

**<><><><><><><>**